हरिभूमि

# गुना-राजगढ़-अशोकनगर भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, गुरुवार 27 जून 2024

06 डीई से पूछा-लोड मामूली तो कैसे आ रहे हैं भारी-भरकम...



07 जिले में 366 आवास आदिवासी परिवारों के स्वीकृत ...





## समाचार संक्षेप

### दस्तक अभियान 25 जून से 27 अगस्त तक 9 माह से 5 वर्ष के बच्चों को पिलाएं दवा

**गुना।** शासन का दस्तक अभियान का मंगलवार को गुना कलेक्टर सतेंद्र सिंह के मार्गदर्शन में एवं मुख्य चिकत्सा स्वास्थ अधिकारी डॉ राजकुमार ऋषिस्वर की देख रेख में जिले के सभी स्वास्थ केंद्रों पर आरंभ किया गया। दस्तक अभियान का विधिवत शुभारंभ मंगलवार को मुख्य अतिथि भाजपा जिला अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह सिकरवार द्वारा शहरी क्षेत्र के सिविल अस्पताल कैंट से किया गया। सर्व प्रथम मंचासीन अतिथियों ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन पश्चात 9 माह से लेकर 5 वर्ष तक के बच्चों को विटामिन-ए सिरप पिलाकर दस्तक अभियान का आरंभ कराया गया। शुभारंभ कार्यक्रम के दौरान जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. सुदर्शन कुशवाह, जिला स्वास्थ अधिकारी डॉ आर आर माथुर, डॉ प्रदीप गुप्ता मेडीकल ऑफिसर, योगेन्द्र राजपूत फार्मासिस्ट, एएनएम सरिता शर्मा, आंगनवाडी कार्यकर्ता ममता शर्मा सहित स्वास्थ विभाग का टीम उपस्थित रहे। जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ कुशवाह ने बताया की सम्पूर्ण जिले में 25 जून से 27 अगस्त तक चलने वाले दस्तक अभियान प्रारंभ कर दिया गया है जिसमें स्वास्थ्य विभाग एवं महिला बाल विकास विभाग के संयुक्त दल द्वारा घर-घर दस्तक देकर 9 माह से 05 साल तक के बच्चों को विटामिन-ए की दवा पिलाई जायेगी एवं कुपोषित बच्चों की पहनचान, बच्चों में जन्मजात विकृति की पहचान, एनीमिया की पहचान इत्यादि मुख्य गतिविधियां की जायेगी एवं बच्चों को सम्पूर्ण उपचार प्रदान किया जाएगा।

### दस्तक अभियान के तहत बच्चों को पिलाई विटामिन की दवा




**गुना।** शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बूढ़े बालाजी पर दस्तक अभियान का शुभारंभ क्षेत्रीय पार्षद श्रीमती सुमन लालाराम लोधा द्वारा किया गया। इस अवसर पर 5 वर्ष तक के 15 से अधिक बच्चों को विटामिन ए की दवाई पिलाई गई। 15 बच्चों को ors के पैकेट वितरित किए गए 5 वर्ष से कम आयु के बच्चों में जटिलता युक्त कुपोषण की पहचान की गई। इसी क्रम में संस्था पर आज गर्भवती महिलाओं की निशुल्क जांच की गई एवं टीकाकरण किया गया और छोटे बच्चों का टीकाकरण किया गया। इस अवसर पर लालाराम लोधा द्वारा बच्चों को बिस्किट के पैकेट वितरित किए गए। इस क्रम में संस्था पर स्टाफ में कविता धाकड़, वर्षा कटरे उमा ठाकुर सौरभ रघुवंशी, मेहरबान अहिरवार उपस्थित रहे।

### बाल अधिकार उल्लंघन के संबंध में शिकायतों की सुनवाई के लिए कैंप आज

**गुना।** कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास शआर.बी. गोयल द्वारा दी गई जानकारी अनुसार राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग नई दिल्ली के निर्देशानुसार 27 जून को जनपद पंचायत सभाकक्ष बमोरी में बाल अधिकार उल्लंघन के विषय में शिकायतों की सुनवाई हेतु कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। कैम्प का समय प्रातः 9 बजे से शाम 5 बजे तक का रहेगा। इस संबंध में कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट डॉ. सतेन्द्र सिंह द्वारा विभिन्न अधिकारियों को दायित्व सौंपे जाने के आदेश जारी किये गये हैं।

### जिले में अब तक 113.8 मिली औसत वर्षा दर्ज

**गुना।** जिले में 01 जून से अब तक 113.8 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है, जो कि सामान्य वर्षा का 10.8 प्रतिशत है। जिले में गत वर्ष इसी अवधि में 120.9 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई थी। जिले की वर्षा ऋतु में सामान्य औसत वर्षा 1053.5 मिलीमीटर है।अधीक्षक भू-अभिलेख द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार 01 जून से 26 जून 2024 प्रातः 8:00 बजे तक जिले के वर्षामापी केन्द्र गुना में 110.2 मिलीमीटर, बमौरी में 151.0, आरोन में 38.5, राघौगढ़ में 143.0, चांचौड़ा में 157.0, कुम्भराज में 90.0 तथा वर्षा मापी केन्द्र मक्सूदनगढ में 107.2 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है।जिले में बीते 24 घंटे में 18.8 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई। इस अवधि में वर्षा मापी केन्द्र गुना में 21.1 मिमी., बमोरी में 43.0 मिमी., आरोन में 3.5 मिमी., राघौगढ़ में 40.0 मिमी., चांचौड़ा में 5.0 मिमी., कुंभराज में 19.0 एवं वर्षामापी केन्द्र मक्सूदनगढ़ में 0.0 मिमी. वर्षा दर्ज की गई।

# 3 जिले के भूतपूर्व सैनिक हुए शामिल, 250 से अधिक हुए लाभान्वित

## जिला स्तरीय पूर्व सैनिक रैली और रोजगार मेले का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना






गुना, शिवपुरी एवं अशोकनगर जिले के समस्त पूर्व सैनिकों के लिए बुधवार को जिला स्तरीय पूर्व सैनिक रैली व रोजगार मेले का आयोजन जिला सैनिक कल्याण द्वारा रोजगार कार्यालय के समन्वय से शुभ विदाई गार्डन, जिला पंचायत रेस्ट हाउस, गायत्री मंदिर के सामने, एबी रोड गुना में किया गया है।

कल्याण संयोजक जिला सैनिक कल्याण द्वारा दी गई जानकारी अनुसार जिसमें भूतपूर्व सैनिकों की पेंशन संबंधी समस्याओं व स्पर्श पोर्टल की समस्याएं, अभिलेख कार्यालय के पत्राचार की समस्याएं, बैंक संबंधी समस्याएं, अंशदायी स्वास्थ्य योजना (ECHS) संबंधी समस्याएं, कैंटीन कार्ड संबंधी समस्याओं का समाधान संबंधित विभागों से आए हुए अधिकारी/कर्मचारी द्वारा किया गया एवं निजी क्षेत्र में रोजगार के लिए निजी क्षेत्र की कम्पनियां भी आईं जिन्होंने रोजगार के अवसर प्रदान किए।

इसके अतिरिक्त विभिन्न चिकित्सकों द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण, नेत्र परीक्षण करके रोजगार के लिए बाहर से आये हुए कंपनियों द्वारा रोजगार के अवसर प्रदान किए।

कैंटीन की सुविधा के साथ-साथ राज्य सैनिक बोर्ड व केन्द्रीय सैनिक बोर्ड द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी विस्तृत रूप से दी गई। उद्योग विभाग द्वारा स्वरोजगार योजनाओं की जानकारी दी। तीनों जिलों के समस्त भूतपूर्व सैनिकों से दो दिन पहले अपील की गई थी कि अधिक से अधिक संख्या में पधार कर रैली एवं रोजगार मेला के आयोजन को सफल बनाएँ। समस्त पूर्व सैनिक अपने साथ अपने पहचान पत्र के साथ सैनिक दस्तावेज भी ले कर आए थे। जिन्होंने इस आयोजन का भरपूर लाभ उठाया।

## आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और सहायिकाओं ने रैली निकाली, सौंपा ज्ञापन

# कहा दो एप में एक साथ काम करने में समस्या पैदा हो रही

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना




संपर्क एप बंद किए जाने, 3 से 6 वर्ष के बच्चों के सरकारी स्कूलों में प्रवेश के आदेश को निरस्त किए जाने एवं अन्य समस्याओं के निराकरण किया जाने का आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिकाओं ने प्रशासन को ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिकाओं ने आंगनबाड़ी कर्मियों की गंभीर समस्याओं की ओर ध्यान आकर्षित करवाते हुए उनके निराकरण की मांग की है। उन्होंने कहा कि आईसीडीएस केंद्र सरकार की योजना है। पोषण ट्रैकर एप केंद्र सरकार का एप है इसमें पूरे देश में कार्य किया जा रहा है। इस एप में आईसीडीएस संबंधी सर्वे से लेकर सभी रजिस्टरों का कार्य करवाया जा रहा है। ऐसी कोई भी जानकारी नहीं है जो पोषण ट्रैकर एप में न ली जा रही हो। लेकिन मध्य प्रदेश में अलग से संपर्क एप में वही काम लिया जा रहा है जो पोषण ट्रैकर में भी लिया जा रहा है।

इस तरह आंगनबाड़ी कर्मियों को वही कार्य दो एप-पोषण ट्रैकर एप एवं संपर्क एप में करना पड़ रहा है इससे एक ही काम की पुनरावर्ती होने के साथ काम में समय डबल लग रहा है। दो एप में एक साथ काम करने में समस्या पैदा हो रही है। पोषण ट्रैकर एप तो खुल जाता है लेकिन संपर्क एप खोलने में कई बार दो-दो तीन-तीन घंटे लग जाते हैं। नेटवर्क का समय पर न मिलाना, नेटवर्क आते जाते रहना और बहुत से गांव ऐसे भी हैं जहां केंद्र से तीन चार किलोमीटर दूर जाकर ऊंचे स्थान पर चढ़कर नेटवर्क मिलता है। जैसे पहाड़ी पर या कहीं ऊंचे घर है तो उनकी छत के किसी कोने में जाकर नेटवर्क मिलता है और कभी नेटवर्क मिलता भी नहीं है। ऐसी स्थिति में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता काम तो कर रही होती है लेकिन उसके काम की गणना नहीं होती और उसके मानदेय की भी कटौती कर ली जाती है। काम करने पर भी उसका मानदेय काट लिया जाता है जो सरासर अन्याय है। सरकार द्वारा जो मोबाइल दिए गए हैं उनमें व्हाट्सएप भी डाउनलोड नहीं होता है। जिससे फोटो भेजना भी मुश्किल होता है। मोबाइल की क्षमता कम होने के कारण लोड नहीं लेता है। ऐसी बहुत सी समस्याएं मोबाइल में है जिसके कारण आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को दो.दो एप में काम करना बड़ा मुश्किल हो रहा है। हर दो-तीन दिन में नया वर्जन आजाता है।

## नशा मुक्ति अभियान सप्ताह के आखिरी दिन दिलाई शपथ




हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

थाना जीआरपी द्वारा वरिष्ठ अधिकारियों के दिशा निर्देशानुसार दिनांक 20/06/24 से 26/06/24 नशा मुक्ति अभियान सप्ताह के आखिरी दिन स्थानीय जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में कार्यक्रम का समापन किया गया रेलवे यात्री व रेल कर्मचारी को नशा मुक्त रहने हेतु अपील की गई। वह हाथ उठाकर शपथ दिलाई गई के स्वयं नशा नहीं करेंगे नहीं आने वाली पीढ़ियों को नाश करने देने अतिथि हरीशंकर विजयवर्गीय, शेखर वशिष्ठ आयोजक थाना प्रभारी बृज बिहारी शर्मा समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

# परांठ के खेल मैदान में बारिश के साथ बरसे रन

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

बमौरी विधानसभा क्षेत्र के ग्राम परांठ में कैलाशवासी माधवराव सिंधिया की स्मृति में अंतर्राज्यीय नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में मध्यप्रदेश और राजस्थान की 64 टीमों ने भाग लिया और डेढ़ महीने तक रोमांचक मुकाबले खेले गए। टूर्नामेंट का समापन बेहद रोमांचक रहा। कई बार रिमझिम बारिश की वजह से खेल प्रभावित हुआ, लेकिन आयोजन समिति, खिलाडिय़ों और दर्शकों के साझा प्रयास व सामंजस्य से मैच पूरा खेला गया। फाइनल मुकाबले में टॉस जीतकर परांठ हीरो क्रिकेट क्लब ने बल्लेबाजी करने का फैसला किया। परांठ ने निर्धारित 10 ओवर में 152 रनों का पहाड़ जैसा लक्ष्य निर्धारित किया। परांठ की ओवर से रवि किरार ने 26 गेंदों में 78 रनों की धुआंधार पारी खेली। लक्ष्य का पीछा करने उतरी मडख़ेड़ा (अशोकनगर) की टीम 3 विकेट खोकर 123 रन ही बना सकी। इस तरह परांठ हीरो क्रिकेट क्लब ने 29 रनों से मैच जीतकर टूर्नामेंट का खिताब अपने नाम कर लिया। परांठ में खेले गए क्रिकेट टूर्नामेंट के समापन अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के क्षेत्रीय कार्यवाह अशोक अग्रवाल, भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष धर्मेन्द्र सिंह सिकरवार और जिला पंचायत सदस्य व भाजपा नेता महेंद्र सिंह सामरसिंगा अतिथि की आसंदी से मौजूद रहे। अतिथियों ने सबसे पहले कैलाशवासी श्रीमंत माधवराव सिंधिया और कैलाशवासी राजमाता माधवी राजे सिंधिया के चित्रों के समक्ष पुष्प अर्पित किए और श्रद्धांजलि दी। खिलाडिय़ों व आयोजकों का उत्साहवर्धन करते हुए अतिथियों ने टूर्नामेंट की जमकर सराहना की। क्षेत्रीय कार्यवाह अशोक अग्रवाल ने कहाकि आधी रात तक बारिश के बीच खेल मैदान में डटे रहना साधारण बात नहीं है। परांठ जैसी छोटी सी जगह में आयोजित नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट मध्यप्रदेश में होने वाले खेल आयोजनों में शिखर पर होगा, इसकी उन्हें पूरी उम्मीद है। अग्रवाल ने आयोजन समिति के साथ-साथ दर्शकों का भी उत्साहवर्धन किया। इसके बाद भाजपा जिला अध्यक्ष धर्मेन्द्र सिंह सिकरवार ने कहाकि उन्होंने अपने जीवन में रिमझिम बारिश के बीच मैच देखने का पहला अनुभव प्राप्त किया है।




**प्रशंसा और बधाई की पात्र है परांठ नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट की आयोजन समितिः महेंद्र सिंह सामरसिंगा**

# अब सुबह 10 बजे से शाम 6 बजे तक खोलेंगे कार्यालय

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

मध्यप्रदेश शासन, सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जारी आदेश अनुसार संपूर्ण प्रदेश के समस्त शासकीय कार्यालयों के कार्यालयीन समय प्रातः 10 बजे से सांय 6 बजे तक नियत किया गया है। जारी आदेश अनुसार सभी शासकीय कर्मियों से यह अपेक्षा की गई कि प्रतिदिन कार्यालय प्रारंभ होने के निर्धारित समय प्रातः 10 बजे कार्यालय में उपस्थिति सुनिश्चित करें।

## जिपं की सामान्य सभा की बैठक में जल गंगा संवर्धन अभियान की समीक्षा की

# 'विभिन्न योजनाओं के प्रगतिरत कार्यों को समय सीमा में करें पूर्ण'

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना



जिला पंचायत अध्यक्ष अरविंद धाकड़ की अध्यक्षता में सामान्य सभा की बैठक जिला पंचायत सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक में बमौरी विधायक शत्रऋषि अग्रवाल, उपाध्यक्ष जिला पंचायत श्रीमति सारिका लुम्बा सहित जिला पंचायत सदस्यगण उपस्थित रहे। बैठक में जल गंगा संवर्धन अभियान की समीक्षा की गई, जिसमें प्रगतिरत समस्त कार्यों को समय सीमा मे पूर्ण करने के निर्देश जिला पंचायत अध्यक्ष धाकड़ द्वारा दिए गए।


बैठक में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के ऑनलाइन पोर्टल की संपूर्ण जानकारी तथा ग्राम स्तर पर पोर्टल का संचालन कैसे किया जाता है, कि विस्तृत जानकारी ए.पी.ओ मनरेगा द्वारा दी गई।बैठक में 15 वां वित्त एवं राज्य वित्त की राशि एवं व्यय करने के निर्देश एवं ग्राम पंचायत स्तर पर 15 वां वित्त एवं राज्य वित्त की टाइड एवं अनटाइड़ मद की राशि की जानकारी अति मुख्य कार्यपालन अधिकारी विशाल सिंह द्वारा विस्तृत रूप से दी गई।

बैठक में उप संचालक पशु पालन विभाग द्वारा योजनाओं की जानकारी दी गई तथा उनके द्वारा बताया गया कि जिले में 8 पशु एम्बूलेंस विभाग द्वारा बीमार या मृत पशुओं को लाने-ले जाने हेतु प्रारंभ की गई है। जिसका टोल फ्री नम्बर 1962 रखा गया है। कोई भी व्यक्ति उक्त फोन नंबर पर संपर्क करक योजना का लाभ ले सकता है। बैठक के दौरान अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत विशाल सिंह तथा अन्य विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## मेंटेनेंस के चलते आज शहर के विभिन्न क्षेत्रों का विद्युत प्रदाय रहेगा बाधित

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

सहायक प्रबंधक (शहर) म.प्र.क्षे.वि.वि.कं.लिमि. गुना द्वारा दी गई जानकारी अनुसार 33/11 के.व्ही. हड्डीमिल सब-स्टेशन का मेंटेनेंस कार्य के लिए गुरुवार को सुबह 10 से दोपहर 2 बजे तक 11 केवी पम्प फीडर के अंतर्गत आने वाले क्षेत्र श्रीराम कॉलोनी, रशीद कॉलोनी, बांसखेडी, रेल्वे फाटक, मालपुर रोड़, सांईसिटी कॉलोनी, संस्कार सिटी एवं 11 केवी भुल्लनपुरा फीडर अंतर्गत आने वाले क्षेत्र नगर बीजी रोड़, आदिशनगर, रामकृष्ण कॉलोनी, कृष्णानी कॉलोनी, साई सिटी कॉलोनी, भुल्लनपुरा आदि क्षेत्रों का विद्युत प्रवाह बाधित रहेगा। विद्युत कटौती की समयावधि को आवश्यकतानुसार घटाया अथवा बढ़ाया भी जा सकता है।



## रुठियाई में बिजली अधिकारियों पर भड़के जयवर्धन सिंह

# डीई से पूछा- लोड मामूली तो कैसे आ रहे हैं भारी-भरकम बिल

### जेई के व्यवहार पर जताई नाराजगी, कहा- आपका अहंकार गलत है

हरिभूमि न्यूज ⏭ राघौगढ़

राघौगढ़ विधायक जयवर्धन सिंह ने मंगलवार को रुठियाई कस्बे का दौरा किया। यहां महिलाओं ने उनसे बिजली बिलों को लेकर शिकायत तो विधायक कम्पनी के दफ्तर पहुंच और कम्पनी के डीई को भी बुला लिया। बिजली कम्पनी के दफ्तर में पहुंची दर्जनों महिलाओं के बिलों की समीक्षा करते हुए जयवर्धन सिंह ने नाराजगी जाहिर की और डीई से पूछा कि जब घरों में लोड मामूली है तो भारी-भरकम बिल क्यों थमाए जा रहे हैं? दरअसल, रुठियाई के ज्यादातर मोहल्लों में इस बार बिजली कम्पनी की ओर से 1 से 3 हजार रुपए तक की राशि के बिल दिए गए हैं।

इनमें से अधिकांश बिजली उपभोक्ताओं का बिल अब तक 100 रुपए आता था। अचानक बिल की राशि देखकर उपभोक्ताओं के पैरों तले जमीन खिसक गई और वह कई दिनों से कम्पनी दफ्तर के चक्कर काट रहे थे। इस मामले की जानकारी मिलने पर जयवर्धन ने तुरंत संज्ञान लिया और कम्पनी के दफ्तर जाकर ही समीक्षा की। लोगों से बातचीत और बिलों का अवलोकन करने पर जयवर्धन ने पाया कि एक पंखा, एक टीवी और एक बल्व जैसे साधारण उपकरणों का इस्तेमाल करने के बावजूद उपभोक्ताओं को 3 हजार रुपए तक की राशि का बिल दिया गया था। उन्होंने मौके पर मौजूद एक-एक



महिला से उनके घर में लगे उपकरणों की जानकारी ली और डीई की तरफ मुखातिब हुए। डीई द्वारा मामले की जांच करवाने और बिलों को सुधारने की बात पर भी जयवर्धन सिंह संतुष्ट नहीं हुए। उन्होंने स्पष्ट कहाकि कम्पनी का रवैया ठीक नहीं थे, आप शिकायत ले लेते हैं, लेकिन बिलों को दुरुस्त नहीं किया जाता है। अधिकांश बार उपभोक्ता को ही गलत ठहराकर उसकी रीडिंग ज्यादा बताकर बिल भरने के लिए मजबूर किया जाता है। क्षेत्र में घंटों तक बिजली कटौती के मुद्दे पर भी जयवर्धन सिंह ने बिजली कम्पनी के अधिकारियों को तत्काल सप्लाई सुधारने के लिए कहा। आदिवासी मोहल्ले का जिक्र करते हुए विधायक ने कहाकि मेरी जानकारी में है कि वहां लाईट ठीक ढंग से नहीं आ रही है। विधायक की बात का महिलाओं ने भी समर्थन किया।

#### जेई के व्यवहार पर जताई नाराजगी

जयवर्धन सिंह ने रुठियाई कस्बे में पदस्थ बिजली कम्पनी के जूनियर इंजीनियर का व्यवहार गलत होने की जानकारी डीई को दी।
उन्होंने कहाकि जेई का व्यवहार गलत है। जेई जब विधायक के सामने आ गए तब जयवर्धन सिंह ने उनसे सीधा कहा- जेई साहब आपका अहंकार गलत है, सरकार वेतन दे रही है आपको अपना काम सही तरीके से करना चाहिए। इस दौरान महिलाओं का भी जोश बढ़ गया और उन्होंने भी जेई से काम करने, सुनवाई करने या फिर कुर्सी से हटने की नसीहत दे डाली।

#### गरीबों से राशि वसूल रही है भाजपा सरकार

रुठियाई कस्बे की महिलाओं से बिजली कम्पनी के अधिकारियों द्वारा लाड़ली बहना की राशि लेने के बाद बिल ज्यादा आने को सही ठहराने का मुद्दा भी उठा। महिलाओं ने जयवर्धन से शिकायत की है कि रुठियाई बिजली कम्पनी के दफ्तर में पदस्थ एक अधिकारी ने उनसे कहा था कि लाड़ली बहना के पैसे ले रही हैं, इसलिए बिल तो भारी-भरकम आएंगे और भरना भी पड़ेंगे। इसपर जयवर्धन सिंह ने कहाकि भाजपा की सरकार गरीबों से राशि वसूल कर रही है। हमने पहले भी चिंता जताई थी कि सरकार ऐसे ही गरीबों को लूटेगी।

## समाचार संक्षेप

### नवीन वार्ता मंदिर लालपुरा में श्रीनाथ भगवान की प्रतिस्थापना कर की आराधना



राघौगढ़। नगर में अखिल भारतीय पुष्टिमार्गीय वैष्णव संप्रदाय राघौगढ़ के नवीन वार्ता मंदिर लालपुरा में श्रीनाथ भगवान का प्रतिस्थापना कर भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें सबसे पहले लाल पुरा स्थित नवीनवार्ता भवन को फूल मालाओं और लाइट डेकोरेशन से सजाया गया राघौगढ़ गुना अशोकनगर आसपास के जिलों से आए पुष्टिमार्ग वैष्णव संपदा के भक्तों द्वारा राघौगढ़ नगर में केसरिया ध्वज लेकर भजन कीर्तन गाते हुए जुलूस निकाला गया। इसके बाद भगवान श्री नाथ जी को नवीन वार्ता की भवन में प्रतिष्ठित किया गया वहीं 56 भोग लगाकर आरती वह भजन कीर्तन किए गए इसके बाद सभी को प्रसाद वितरण किया गया। श्रद्धालुओं का कहना था कि राघोगढ़ नगर में आर्सवाद वैष्णो संपदा के वार्ता की भवन में श्रीनाथ की प्रतिमा प्रतिष्ठित होने से नगर में खुशी और उत्साह का माहौल है। वहीं राघौगढ़ नगर में कृष्ण गोपाल कोठारी प्रभात फेरी समिति सचिव के द्वारा बताया गया कि पिछले कुछ वर्षों से प्रभात फेरी समिति प्रतिदिन नगर में सुबह 5 से नगर में प्रभात फेरी निकाली जा रही है जिससे नगर में सनातन धर्म की गंगा बह रही है।

### ऑल इंडिया इंटर साई जूडो प्रतियोगिता में स्नेहा रजक को मिला कास्य पदक

**गुना**। संभागीय खेल और युवा कल्याण अधिकार शर्मिला डाबर ने बताया कि ऑल इंडिया इंटर साई जूडो प्रतियोगिता-2024, 20 से 24 जून तक साई भोपाल में आयोजित की गई थी। इसमें साई द्वारा संचालित साई प्रशिक्षण केन्द्र, खेलो इंडिया प्रशिक्षण केन्द्र, खेलों इंडिया द्वारा मान्यता प्राप्त अकादमियों एवं खेलों इंडिया स्टेट सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के एथलीट ने भाग लिया। गुना जिले में खेलो इंडिया स्मॉल सेंटर जूडो खेल में संचालित है, श्रीयश प्रधान द्वारा जूडो का प्रशिक्षण दिया जाता है। खेलो इंडिया स्मॉल सेंटर जूडो के 4 खिलाडियों ने श्रीयश प्रधान के साथ भागीदारी की गई। ऑल इंडिया इंटर साई जूडो प्रतियोगिता में जूनियर वर्ग के 70 किग्रा में स्नेहा रजक द्वारा कास्य पदक प्राप्त किया गया तथा कैडिट वर्ग के 48 किग्रा में हिमांशी गहलोत ने चौथा स्थान प्राप्त किया एवं निखिल रजक एवं मोनू कुशवाह ने प्रतियोगिता में भागीदारी की।




# मनुष्य को भगवान का निष्काम भाव से भजन करना चाहिएः डा. सतीश चतुर्वेदी

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

यह शरीर पांच तत्वों से बना है तथा उन्ही पांच तत्वों में विलीन हो जाता है मनुष्य को भगवान का निष्काम भाव से भजन करना चाहिए। मनुष्य का मन ध्यान तथा जाप करने में मन भटकता है इन्द्रियों पर विजय बड़ी मुश्किल से प्राप्त होती है। उपरोक्त विचार डाक्टर सतीश चतुर्वेदी शाकुन्तल ने शिक्षा विभाग में शिव मंदिर पर हुए स्वाध्याय में व्यक्त किए।

स्वाध्याय के पूर्व गीताजी का पूजन हरिदत्त शर्मा ने किया स्वाध्याय गीत गणेश गौरी गुरु वंदना अध्याय 6के12से लेकर 22तकके श्लोको का वाचन पंडित अंकित पाण्डेय ने कराया रामायण की चौपाइयों का चन्द्र प्रकाश भट्ट ने गायन किया सुभाषित में केशव बैरागी ने कहा कि जिस प्रकार दिये की रोशनी से अंधेरा दूर हो जाता है, मनुष्य को गाय को रोटी तथा पक्षियों को दाना डालना चाहिए। अमृत वचन में हेमलता सक्सेना ने बताया कि मनुष्य को हमेशा अच्छे मनुष्य का साथ करना चाहिए तथा सत्संग में नियमित जाना चाहिए। प्रेरक प्रसंग में ओमप्रकाश पाराशर ने कहा



कि मनुष्य को माया मोह से दूर होकर ईश्वर का भजन करना चाहिए। स्वाध्याय में शरेखा पाण्डेय, हेमलता सक्सेना, राखी भार्गव, माया ओझा, रामजीवन भार्गव, ओमप्रकाश शर्मा, रविन्द्र सिंह रघुवंशी, किशनसिंह,परमाल सिंह, जगदीश राठौर, श्याम श्रीवास्तव, रविन्द्र श्रीवास्तव,पदमा श्रीवास्तव , पंडित बद्री प्रसाद शर्मा, मनोज शर्मातानिया सिंह हाड़ा, विमल दत्त शर्मा हरिदत्त शर्मा, मन्जूतिवारी, ममता शर्मा हेमा गुप्ता, रेखा प्रजापति,पूर्वी, प्रेम बाई,एन के परिहार, सुभाष त्रिवेदी, महेंद्र सोनी सहित अन्य कई गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

आभार के रूप में हरिदत्त शर्मा ने कहा कि गीताजी में सभी अध्याय प्रेरणा दायक है इसमें अध्याय 6 सबसे ज्यादा उपयोगी है। पंडित चंद्रप्रकाश भट्ट बजरंगगढ़ वालों ने मेरे सर पर रख दोनों हाथ भजन की प्रस्तुति दी। अगला स्वाध्याय 30 जून को कलेक्ट्रेट में स्थित बाल मस्त हनुमान मंदिर पर शाम चार बजे से आयोजित किया गया है आयोजक ने अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर गीता

## वरिष्ठ कवि विष्णु साथी ने केंद्रीय मंत्री सिंधिया को भेंट किया अभिनंदन पत्र




हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

चेतना साहित्य एवं कला परिषद के संस्थापक सदस्य, वर्तमान में अध्यक्ष एवं नगर के वरिष्ठ कवि विष्णु साथी ने ज्योतिरादित्य सिंधिया के केन्द्रीय मंत्री बनने के बाद प्रथम नगरागमन पर जनता का आभार व्यक्त करने हेतु शुभ बिदाई गार्डन में हुये समारोह में स्वरचित अभिनंदन पत्र का वाचन किया। परिषद अपने को गौरवान्वित महसूस करती है।इ स अवसर पर वरिष्ठ कवि विष्णु साथी को उनके साथियों प्रेम सिंह प्रेम,रवि शर्मा बंजारा, उमाशंकर भार्गव, कीर्ति मोरोलिया, प्रमोद भार्गव, धर्मवीर सिंह, संतोष ब्रह्मभट्ट, साक्षी ओझा, माया ओझा, गोविन्द राव मोरे,अभिनय मोरे, बृजेश श्रीवास्तव, रंगेश श्रीवास्तव, जगदीश श्रीवास्तव, कैलाश धाकड़, हरीश सोनी, रमेश मंगल, सियाराम कुशवाह, अभिनंदन मडवरिया, नरेंद्र नेनोरिया, असीम भटनागर, डाक्टर अशोक गोयल आदि ने बधाई दी।

### जिले मे मारपीट की घटनाओं के कई मामले किए गए दर्ज

**अशोकनगर**। जिले के विभिन्न थाना क्षेत्र के अंतर्गत मारपीट की घटनाओ के कई मामले दर्ज किए गए है। जिले के कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत लंबरदार मोहल्ला निवासी सुजाता अहिरवार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी दिनेश शर्मा ने बैठने की बात पर से एसडीएम कोर्ट परिसर मे उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के देहात थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम दियाधरी निवासी मंगल सिंह यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी राहुल जितेन्द्र सुखवती और सतवीर लोधी ने पुरानी रंजिश पर से उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। इसी घटना मे दूसरे पक्ष की ओर से जितेन्द्र लोधी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी मंगलसिह यादव मनोज साहू विशाल साहू रितिक साहू विकास साहू निवासी दियाधरी ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के शाढौरा थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम बांयगा की टगर निवासी बैजू पुत्र हन्नू अहिरवार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी युधिष्ठिर यादव निवासी बांयगा ने शराब पीने के लिए पैसे मांगे न देने पर उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के चंदेरी थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम मुरादपुर निवासी रामसुरेन्द्र रैकवार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी पवन अहिरवार निवासी श्यामगढ ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के ईसागढ थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम कोहरवास निवासी सौरभ यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी कार्तिक राय निवासी ईसागढ ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

# कैथन डायवर्सन नहर तीन साल से पड़ी है बंद

## पाइपलाइन को साफ करने पर लाखों खर्च, अब दोबारा से होगी टेंडर प्रक्रिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ अषोकनगर

बहादुरपुर क्षेत्र के खोपरा, सोपरा और बर्री की असिंचित जमीनों को सिंचित करने के लिए करीब बीस वर्ष पहले अस्तित्व में आई कैथन डायवर्सन नहर योजना बीते तीन वर्षों से बंद है। इस नहर से तीन गांवों की कुल 597 हेक्टेयर जमीन सिंचित होती थी किंतु नहर बंद होने के कारण किसान अब दूसरे उपायों पर आश्रित हो गए हैं। यह नहर ढाई किलोमीटर तक जमीन के अंदर पाईप बिछाकर बनाई गई है जबकि आगे का ढाई किलोमीटर का हिस्सा खुली नहर के रूप में है। पाइप लाइन वाला हिस्सा कई जगहों पर मिट्टी धंसने के कारण अवरुद्ध हो गया है। करीब दो वर्ष पहले जलसंसाधन विभाग द्वारा पाइप लाइन को साफ करने के लिए जिले के लिए लाखों रुपए खर्च कर तीन बड़े-बड़े गड्ढे खोदे थे, जिनमें सफलता नहीं मिलने के कारण कुछ दिन पहले से उन्हे बंद किया जाने लगा है। पहले गड्ढे खोदने और अब उन्हे बंद करने पर विभाग का लाखों रुपए खर्च हो रहा है। वहीं नहर बंद होने के कारण इससे जुड़े हुए किसान भी सिंचाई के लिए परेशान हैं।

**निलंबित किया जा चुका है ठेकेदारः** जल संसाधन विभाग ने नहर की सफाई का ठेका लेने



वाले ठेकदार का पंजीयन एक साल के लिये निलम्बित कर उन्हें ब्लैक लिस्ट कर दिया है। कार्यपालन यंत्री जल संसाधन संभाग द्वारा कोंचा डैम, मोला डैम, कैथन डायवर्सन एवं उमरिया तालाब के मरम्मत कार्य की निविदा 14 लाख 2 हजार रुपये की 17 नवम्बर 2021 को मेसर्स पूजा कन्स्ट्रक्शन प्रोपराइटर विशाल धाकड़ निवासी बरखेड़ा जागीर तहसील अशोक नगर के पक्ष में स्वीकृत की गई थी। परन्तु इस ठेकेदार ने निर्धारित समयावधि में कार्य करने का अनुबंध नहीं किया। इस पर इस ठेकेदार की अमानत राशि 40 हजार 500 रुपये राजसात कर उसे ब्लेक लिस्ट कर दिया गया है।

**कैथन नदी को रोककर बनाया गया है स्टॉपडैम :** ग्राम पंचायत बर्री के पूर्व सरपंच रमेश शर्मा बताते हैं कि करीब बीस वर्ष पहले यह परियोजना स्वीकृत हुई थी। इसके लिए भूअधिगृहण सहित कैथन नदी पर खोपरा व हारूखेड़ी के बीच एक स्टॉपडैम बनाया गया था। साथ ही ढाई किलोमीटर की पाइप लाइन बिछाकर उस पर कई जगह कुआं बनाए गए थे। जिससे किसान मोटरपंप से पानी खींच सकें, वहीं अगले ढाई किलोमीटर के हिस्से में नहर खुली हुई थी। इस नहर से करीब पंद्रह वर्ष तक निर्बाध रूप से पानी की सप्लाई हुई लेकिन बीते तीन वर्षों से पूरी तरह बंद है।

#### इनका कहना है

गड्ढे खोदकर पाइप लाइन सही कराई जा रही थी किंतु पाइप लाइन डैमेज हो चुकी है। इसलिए अब पूरी ढाई किलोमीटर की नहर में दोबारा पाईप बिछाने का प्रस्ताव उच्च स्तर पर भेजा है। स्वीकृति के बाद टेंडर किया जाएगा। गड्ढे मवेशी न गिरें, इसके लिए बंद कराए जा रहे हैं।
**आनंद जैन,** उपयंत्री, जलसंसाधन विभाग

### गेहूं खरीदी के दौरान व्यापारियों में झगड़ा, मंडी में नीलामी रुकी

**अशोकनगर**। कृषि उपज नई गल्ला मंडी मे गेहू की नीलामी मे भाग लेने गए दो व्यापारियो के बीच विवाद की स्थिति पैदा होने के बाद मंडी मे नीलामी बोली बंद रही। पहली पारी मे कोई नीलामी नही हुई व्यापारी मंडी से चले गए थे। दोपहर 2 बजे के बाद शुरू होने वाली नीलामी मे किसान अपना माल बेच सके। कृषि उपज गल्ला मंडी के सचिव शिव कुमार शर्मा ने बताया कि दोपहर 11 बजे के लगभग गेहू की खरीदी के दौरान किसान के तौली के माल को दोपट बताने और दूसरे व्यापारी ने उस माल को सही बताया इसको लेकर दोनो मे कहा सुनी हो गई। जिसके बाद मे पुरानी मंडी मे था। मौके पर पहुचा परंतु अधिकांश व्यापारी नीलाम बोली से चले गए थे। तब किसानो ने ही कहा कि जब व्यापारी आएगे। तब नीलामी कराएगे। जिस किसान की कृषि उपज को लेकर व्यापारियो मे झगडा हुआ उस किसान का नाम जानना चाहा तो कृषि उपज मंडी के कर्मचारी नाम नही बता पाए और न ही मसरफ पर किसान का नाम था। तब सचिव ने मसरफ काटने वाले कर्मचारी को बुलाया और कहा कि फिर से मसरफ मे किसान विक्की अशोकनगर के नाम से दर्ज होना पाया गया। बाद मे उक्त किसान का माल राजीव ब्रदर्स द्वारा खरीदा गया। जिसे दोपट माल बताया था। वह माल तीसरे व्यापारी किसान का खरीद लिया।

# ईसागढ़ में किया गया पालने का शुभारंभ व भिक्षावृति अभियान शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

ईसागढ़ में किया पालने का शुभारंभ एवं चलाया भिक्षावृत्ति जागरूकता अभियान अनचाहे नवजात शिशुओं का जीवन बचाने के उद्देश्य से कलेक्टर के दिशा निर्देशन एवं बाल कल्याण समिति के नेतृत्व में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र ईसागढ़ में किया गया।

पालने का बाल कल्याण समिति अध्यक्ष संजीव रघुवंशी, सदस्य महेंद्र शर्मा,बीएमओ डॉक्टर कुलदीप रघुवंशी,बाल संरक्षण अधिकारी आशीष शर्मा द्वारा फीता काटकर शुभारंभ किया गया। इस दौरान भूपेंद्र सिंह रघुवंशी, ऊ मार्गदर्शी समिति से जगदीश सेन , बाल कल्याण अधिकारी विजय मीना ,आरक्षक देशराज सिंह, सुनील सेन ,एवं हॉस्पिटल का समस्त स्टाफ उपस्थित रहे। इसके उपरांत ईसागढ़ ब्लॉक की सभी सुपरवाइजर एवम स्टाफ को कार्यशाला आयोजित कर बाल कल्याण समिति,किशोर न्याय बोर्ड, दत्तक ग्रहण, आदि के बारे में जानकारी देते हुए अनचाहे नवजात शिशुओं का जीवन बचाने में फेंके नहीं , हमें दे के बारे में बताया। इस संबंध में लोगों को जागरूक करने हेतु प्रेरित किया गया। फेंके



नहीं, हमें दें, अनचाहे नवजात शिशु को परिसर में लगे पालने में छोड़ जाएं ,आपकी जानकारी गोपनीय रखी जायेगी, किसी तरह की कोई कानूनी कार्यवाही नहीं होगी। इसके उपरांत ईसागढ़ में भिक्षावृत्ति रोकने के उद्देश्य से जागरूकता अभियान अंतर्गत बाजार में भ्रमण किया गया, डेंगा मोचार ग्राम के तीन बच्चे भिक्षावृत्ति करते हुए पाए गए , जिन्हे उनके पालकों को ग्राम डेंगामोचर में समझाइश देने के उपरांत सुपुर्द किया गया साथ ही अन्य ग्रामीणों जिनके द्वारा बच्चों से उक्त घृणित कार्य कराया जाता है भविष्य में ऐसा पाए जाने और विद्यालय न भेजने वाले अभिभावकों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्यवाही करने की चेतावनी दी गयी।

## ग्राम चमराई में नहीं अथाईखेड़ा मे संचालित होते हुए पाया गया

# प्राशी शिक्षा महाविद्यालय की जांच कर रहा है दल

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

पिछले दिनो नर्सिंग कॉलेज के साथ साथ अन्य कॉलेजो की जाच के लिए एक प्रशासनिक प्रक्रिया के तहत प्रदेशभर मे कार्यवाही चल रही है। इसी क्रम मे अशोकनगर के कुछ महाविघालयो का नाम सूची मे होने के बाद अशोकनगर कलेक्टर ने ऐसे महाविघालयो की जाच के लिए एक जाच कमेटी गठित की है।

इस जाच कमेटी का गठन इसलिए किया गया था। क्योकि यह जानकारी सामने आ रही थी कि कई कालेज अशोकनगर जिले मे कागजो पर चल रहे है। जिसके बाद कलेक्टर द्वारा अशोकनगर महाविघालय के प्राचार्य मनोज ठाकुर को उक्त कालेजो की जाच के लिए कमेटी गठित करने के






निर्देश दिए गए थे। जिसके तहत मुगावली महाविघालय के प्राचार्य डॉ सचिन सिंह दांगी को पत्र जारी किया गया था। उनके द्वारा मुगावली क्षेत्र के अंतर्गत चल रहे प्राशी शिक्षा महाविघालय की जाच हेतू दो सदस्यीय कमेटी बनाई गई थी। जिसमे डॉ करण सिह और डॉ विक्रम सिंह को शामिल किया गया था। यह जाच दल बुधवार को प्राशी शिक्षा महाविघालय की जाच करने पहुचा था। जाच रिपोर्ट इस दो सदस्यीय दल द्वारा प्राचार्य को सोपी जाएगी। इस दो सदस्यीय दल ने जाच के दौरान प्राशी महाविघालय से जो अनिमितताओ के बिंदू थे उन पर चर्चा की विश्व विघालय से संबंद्वता को लेकर महाविघालय का रकवा चमराई मे होना बताया था। लेकिन महाविघालय वहा न चलाया जाकर अथाईखेडा मे चलाया जा रहा है। जो अथाईखेडा चमराई मार्ग पर है। जाच के दौरान बताया गया कि जिस भूमि पर बनना था। वहा तक जाने के लिए रास्ता नही बन पाया था। इस कारण अथाईखेडा मे यह कालेजके बनाया गया है। इसके लिए जो फीस एक्सचेंज मे लगती थी वह राशि डेढ लाख रूपए जमा करा दी गई है। विश्व विघालय को इसकी सूचना भेज दी गई थी। लेकिन रिकॉर्ड मे परिवर्तन नही किया गया है। जिसके कारण यह कालेज आज भी चमराई मे होना बताया जा रहा है। जबकि इसके लिए प्रक्रिया पूरी कर दी गई है। मुगावली महा विघालय के 2020 तक यह कालेज डीएड तक चलता था। अब यह बीएड तक चलता है।

## खबर संक्षेप

### सेवानिवृत्त होने वालों का सम्मान समारोह कल

**अशोकनगर।** माह जून में सेवानिवृत्त होने वाले शासकीय सेवकों का सम्मान समारोह कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में 28 जून को सायं 5 बजे से आयोजित किया गया है। सम्मान समारोह में हरिनारायण भार्गव, खलक सिंह यादव,रविन्द्र सिंह रघुवंशी बीईओ कार्यालय ईसागढ़, सैयद मुश्ताक अली जीबन्धर कुमार जैन बीईओ कार्यालय चंदेरी, हिमांशु शर्मा एवं देवेन्द्र सिंह परमार सिविल सर्जन कार्यालय अशोकनगर, महेश कुमार जाटव पुलिस अधीक्षक कार्यालय अशोकनगर, बलदेवा हरिजन आदिम जाति कल्याण विभाग, क्षेत्रपाल सिंह प्रजापति ईई आरईएस कार्यालय अशोकनगर, दीनदयाल आर्य लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी कार्यालय अशोकनगर, हरवीर सिंह रघुवंशी पशुपालन विभाग अशोकनगर एवं सलीम अहमद मंसूरी भूमि संरक्षण अधिकारी कार्यालय मुंगावली के सेवानिवृत्त होने पर सम्मान किया जायेगा। इसी प्रकार माह मई 2024 में सेवानिवृत्त हुए 08 शासकीय सेवकों को पीपीओ प्रदाय किया जायेगा।

### दहेज सलाहकार बोर्ड में सदस्यता आवेदन 30 तक

**अशोकनगर।** दहेज प्रतिषेध अधिनियम, 1961 की धारा 8-ख(4) के तहत दहेज प्रतिषेध अधिकारी (जिला विधिक सहायता अधिकारी) को सलाह एवं सहायता करने के प्रयोजन के लिए जिले में दहेज सलाहकार बोर्ड का गठन किया जाना है। उक्त बोर्ड में 5 सदस्यों की नियुक्ति की जानी है जिसमें कम से कम 2 महिलायें होंगी। दहेज प्रतिषेध अधिनियम के तहत सलाहकार बोर्ड द्वारा किये जाने वाले कार्य विधिक एवं परामर्श स्वरूप के होते हैं इसलिए सलाहकार बोर्ड में ऐसी महिला सामाजिक कार्यकर्ता जो अधिवक्ता भी हों के मनोनयन को प्राथमिकता दी जावेगी। दहेज सलाहकार बोर्ड में कार्य करने के इच्छुक व्यक्ति अपने बायोडाटा मय दस्तावेजों के महिला बाल विकास कार्यालय मे जमा करा सकते है।

### छेडछाड की घटनाओ के दो मामले दर्ज

**अशोकनगर।** जिले मे छेडछाड की घटनाओ के दो मामले दर्ज किए गए है। जिले के कचनार थाने के अंतर्गत एक 40 वर्षीय महिला ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि भूरा यादव ने उससे बुरी नियत से छेड़छाड़ की। जिले के ईसागढ थाने के अंतर्गत ग्राम जंघार निवासी एक विवाहित महिला ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि रवि जाटव ने बुरी नियत से उससे छेड़छाड़ की।

### पानी की टंकी के पास चोर बाइक चुरा ले गए

**अशोकनगर।** जिले के मुगावली थाने के अंतर्गत राजपाल पुत्र वीरसिंह यादव निवासी सावलहेढा ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि कोई अज्ञात चोर मुगावली मे पानी की टंकी के पास से उसकी बाइक चोरी कर ले गए। जिसका नंबर एमपी 67 जेसी 4524 है। पुलिस ने अज्ञात चोरो के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

### चोर मंदिर की दान पेटी ले गए नकदी



**अशोकनगर।** सिटी कोतवाली अशोकनगर के अंतर्गत पडरिया निवासी राजकुमार पुत्र हरिनारायण शर्मा ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि काली माता मंदिर गेट के पास मंडी रोड से अज्ञात आरोपी मंदिर के ताले तोडकर दान पेटी मे रखे नगदी डेढ से दो हजार रूपए और एक तेल की 5 लीटर की केन चोरी कर ले गए। यह दूसरी बार चोरी की घटना हुई है।

### राजस्व अधिकारियों की समीक्षा बैठक कल

**अशोकनगर।** कलेक्टर सुभाष कुमार द्विवेदी की अध्यक्षता में 28 जून 2024 को प्रात 11 बजे से कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में राजस्व अधिकारियों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई है।

## 63 आवास स्वीकृत होने के बाद हितग्राहियों की मौत, अधूरे को कर रहे पूरा

# जिले में 366 आवास आदिवासी परिवारों के स्वीकृत लेकिन पलायन के बाद पता नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

भारत सरकार की प्रधानमंत्री आवास योजना मे गरीब तबके के लोगो को आवास स्वीकृत किए जा रहे है। जिले मे 366 आदिवासी सहरिया परिवार है। जिन्हे यह आवास स्वीकृत किए गए है। लेकिन यह परिवार मजदूरी की तलाश मे अपने गांव से पलायन कर गए है। जिनकी तलाश मे प्रशासन जुटा है। लेकिन इनका पता नही चल पा रहा है। उधर दूसरी ओर 63 आवास जिन्हे स्वीकृत हो चुके है। उन आवासो के मालिक अब नही रहे। इन अधूरे आवासो को पूरे कराने के काम मे प्रशासन लगा है।

प्रधानमंत्री आवास को लेकर आए दिन हितग्राही विभागो के चक्कर काटते नजर आते है। जिले मे 45 हजार 328 हितग्राहियो के लिए आवास स्वीकृत हुए जिनमे से 41 हजार 638 आवास पूर्ण हो गए। 3690 प्रधानमंत्री आवास का निर्माणकार्य अभी भी चल रहा है। जानकारी के दौरान यह सामने आया कि जिले मे 366 हितग्राही जिनके आवास जिले के चारो ब्लॉको मे स्वीकृत हो चुके है। परंतु यह हितग्राही अपने बताए गए पते पर नही मिल रहे है। इनके लिए बकायदा






जनपद पंचायत,ग्राम पंचायत द्वारा खोजबीन की जा रही है। जिससे की इन हितग्राहियो के आवास पूर्ण कर बनाए जा सके। जिला पंचायत मे प्रधानमंत्री आवास योजना के समन्वयक मनीष त्रिवेदी ने बताया कि यह सभी आदिवासी वर्ग के जो अपने ग्रामो मे नही है। काम की तलाश मे गाव छोड़कर शहरो मे चले गए है। इनमे 25 हजार रुपए की पहली किस्त भी इन्हे जारी हो चुकी है। आवास स्वीकृत होने के बाद पूरे जिले मे इनकी तलाश की जा रही है। किंतु यह जिले मे नही है। उनका मानना है कि यह मजदूरी के बाद फिर अपने गाव वापिस लौट आएगे। उनके लौटने का इंतजार है।

इस दौरान बताया गया कि जिले मे 63 प्रधानमंत्री आवास के हितग्राही ऐसे भी जाच के दौरान पाए गए। जिनके आवास तो स्वीकृत हो गए। परंतु स्वीकृत आवास के लिए उनके वारिस भी नही मिल रहे। आवास शाखा के मनीष त्रिवेदी ने बताया कि यह फोत हो गए है और उनके कोई वारिस भी नही है। किसी को एक किस्त जारी हो चुकी है। किसी को दूसरी किस्त जारी हो चुकी है। उनके स्वीकृत आवास अधूरे पडे है। अब इन हितग्राहियो के बारे मे ग्राम पंचायत मे प्रस्ताव लाकर विलीन करने की कार्यवाही की जाएगी। अभी सभी हितग्राहियो की खोज की जा रही है।

उन्होने बताया कि सभी जनपद पंचायतो के प्रधानमंत्री आवास के ब्लाक समन्वयको को आवास पूर्ण कराने के लिए 15 दिवस का समय देकर कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। जिससे की समय से पहले हितग्राहियो के आवास पूर्ण हो सके। इन अधूरे आवासो को पूरा करने के लिए उनके रिश्तेदारो और अन्य लोगो की मदद ली जा रही है। ताकि वह जितनी किस्त जारी हो चुकी है। उतना काम पूरा करा दे शेष किस्त अगर वाकी है तो नामीनेशन के बाद उन्हे यह आवास जारी कर दिया जाएगा। इन आवासो को पूर्ण कराने की तैयारी की जा रही है।

## कृषि विभाग के अफसर के कथित अपहरण के मामले में कार्रवाई हो



हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

कृषि विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों ने पड़ोसी जिला गुना में विधायक प्रियंका के देवर अनिरूद्ध मीणा द्वारा कथित धमकाने, रंगदारी वसूलने और बंधक बनाए जाने के विरोध में ज्ञापन सौंपा है और मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन मे कानूनी कार्रवाई करने की मांग की गई है।

अशोकनगर कृषि विभाग के अधिकारियों में कृषि उप संचालक केएस केन, एसएडीओ मुकेश रघुवंशी के साथ कृषि विभाग के अमले ने सामूहिक रूप से ज्ञापन सोपा जिसमे कहा गया है कि पिछले दिनो अशोक उपाध्याय, उप संचालक कृषि, किसान कल्याण तथा कृषि विकास, जिला-गुना को अनिरूद्ध मीणा जो विधायक प्रियंका मीणा के देवर है उनके द्वारा धमकाने, रंगदारी वसूलने, बंधक बनाए जाने एवं शासकीय कार्य में बाधा डालने की घटना को अंजाम दिया गया है। इसके संबंध में अशोक उपाध्याय द्वारा पुलिस अधीक्षक जिला-गुना को शिकायत भी दर्ज करवाई गई है। उल्लेखित घटना से समस्त कृषि अधिकारी एवं कर्मचारियों में आक्रोश व्याप्त है।

संयुक्त कृषि मोर्चा विधायक के देवर द्वारा किए गए कृत्यों की भर्त्सना करते हैं। संयुक्त कृषि मोर्चा मांग करता है कि 3 दिवस के भीतर संबंधित घटना के दोषियों को गिरफ्तार कर उनके विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई करने के निर्देश जिला प्रशासन को जारी करने का कष्ट करें, ताकि मैदानी कर्मचारी एवं अधिकारियों का मनोबल बना रहें। उपरोक्त प्रकरण में जिला प्रशासन द्वारा अतिशीघ्र कार्रवाई न किए जाने की स्थिति में संयुक्त कृषि मोर्चा प्रदेशव्यापी बंद करते हुए कलमबंद हड़ताल करने के लिए बाध्य होगा।

## ग्रामीण ने लगाया रास्ते पर पेड़ डालने का आरोप



**अशोकनगर।** देहात थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत शिकंदरा के ग्राम जलालपुर निवासी गंगाराम कुशवाह ने देहात थाने में शिकायती आवेदन दिया है कि मेरी जमीन पर गांव के कुछ दबंग जबरन सड़क डाल रहे हैं एवं रोकने पर जान से मारने की धमकी दे रहे है। शिकायती आवेदन मे कहा गया है कि अभी तक गंगाराम पुत्र भीकम सिंह कुशवाह बताया कि मेरी जमीन 1.00हेक्टर ग्राम जलालपुर में है जिस पर महेश ब शिवचरण कुशवाह जबरन सड़क डाल रहे हैं उस सड़क मैं लगभग 200 से ऊपर पेड़ो को जेसीबी ओर कुलहड़ियो से उखाड़ कर फेंक दिया गया है उनके पास इन पेड़ों को ब सड़क डालने के लिए न कोई आदेश है न ही कोई कानूनी तौर पर आदेश लिया गया है इसके बाद भी सैकड़ों पेड़ो को उखाड़ कर फेंक दिया गया है ओर जब इन्हें गंगाराम पुत्र भीकम सिंह कुशवाह द्वारा रोकने की कोशिश की गई तो इन लोगों ने उन्हें जान से मारने की धमकी दी गई और इनकी शिकायत कलेक्टेट पुलिस अधीक्षक ओर थाना प्रभारी और मुख्यमंत्री ऑनलाइन शिकायत 181 डायल 100 पर 21 जून को शिकायत की पुलिस ने 22 जून को मौका पर पहुंच कर काम रुकवाया पुलिस जाने के बाद उक्त लोगों ने पेड़ व सड़क का कार्य जारी रखा।



## ट्रैक्टर पुलिया से नीचे गिरा हादसे मे ड्राइवर की मौत

**अशोकनगर।** पिपरई मुगावली सडक मार्ग पर ग्राम बरखेडा गाव की पुलिया से एक ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर पुलिया से नीचे जा गिरा इस हादसे मे ट्रैक्टर दो टुकडो मे बट गया था। ड्राइवर की मौके पर ही मौत हो गई। ड्रायवर रामकृष्ण पुत्र वीरेन्द्र सिह कुर्मी उम्र 22 साल निवासी बरखेडा ट्रैक्टर को चला रहा था। तभी खेत मे बुबाई के दौरान जब ट्रैक्टर पुलिया से गुजर रहा था। तभी अनियंत्रित होकर पुलिया से नीचे जा गिरा। इस घटना मे ड्रायवर की मौत हो गई। 15 दिन पहले ही टैक्टर खरीदा गया था। घटना की जानकारी मिलने के बाद ड्रायवर को सरकारी वाहन से पिपरई अस्पताल लाया गया। बाद मे उसे जिला अस्पताल लाया गया लेकिन डॉक्टरो ने उसे मृत घोषित कर दिया।

## केंद्रीय मंत्री सिंधिया ने वुशू खिलाड़ियों से कहा- बनेगा ट्रेनिंग हॉल, मिलेंगी सुविधाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

लोकसभा चुनाव के बाद पहली बार आभार सभा के लिए आये केंद्रीय दूर संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया अशोकनगर आये और इस दौरान जिले के उत्कृष्ट वुशू खिलाड़ियों ने उन्हें ज्ञापन देकर वुशू खेल सामग्री और ट्रेनिंग के लिए इंडोर हॉल बनबाने कि मांग कि हैं जिसमें वुशू खिलाडी संभवी चौहान और राशि बालू के सर पर हाथ रखकर बादा किया कि ट्रेनिंग हॉल बनबा देंगे और वुशू के प्रोटोकॉल में वुशू जय हिन्द बोलकर अभिवादन किया और ज्ञापन लेकर जिलाधीश कलेक्टर साहब से मिलने के लिए अति पुलिस अधीक्षक गजेंद्र सिंह कंवर को वुशू खिलाड़ियों को कलेक्टर साहब से मिलने के लिए कहा इस दौरान जिला वुशू संघ के उपाध्यक्ष धर्मेंद्र रघुवंशी, वुशू कोच ब्रजेश धुरेंटे एवं एकलव्य अवार्डी सीनियर खिलाडी प्रियम जैन, अमन शिवहरे एवं अन्य खिलाडी साथ रहे। सिंधिया के आसवासन के बाद वुशू खिलाड़ियों एवं जिला वुशू संघ के



अध्यक्ष दया सिंह संधू ने ख़ुशी जाहिर कि एवं उन्हें धन्यवाद दिया।अब वुशू खिलाडी शीघ्र ही जिला कलेक्टर साहब से मिलकर उन्हें ज्ञापन देंगे।

कोच ब्रजेश धुरेंटे ने बताया कि 18 वर्षों से लगातार अशोकनगर में वुशू खेल संचालित है और जिले के खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सेंकड़ो पदक जीतकर ग्वालियर संभाग सहित प्रदेश और अशोकनगर जिले का गौरव बढ़ाया है । इसी के आधार पर जिले के वुशू खिलाड़यों को मध्यप्रदेश शासन ने योग्यता के आधार पर 4 खिलाड़ियों को एकलव्य पुरुस्कार, 1 विक्रम पुरस्कार एवं कोच को विश्वामित्र पुरस्कार से सम्मानित किया गया है,वुशू खेल भारत सरकार खेल मंत्रालय एवं भारतीय ओलम्पिक संघ से मान्यता प्राप्त खेल हैं ।लेकिन आज दिनांक तक वुशू खिलाड़ियों के पास कोई खेल सामग्री एवं नियमित अभ्यास के लिए इंडोर हॉल नहीं हैं,जबकि अशोकनगर जिले में प्रतिवर्ष लगभग 10 हजार से अधिक स्कूली बच्चों को वुशू खेल की निःशुल्क ट्रेनिंग गांव गांव के स्कूलों एवं तहसीलों में प्रदान की जाती हैं वुशू खिलाड़ियों की उपलब्धियों और प्रदर्शन को ध्यान में रखते हुए मध्यप्रदेश शासन खेल विभाग के द्वारा वुशू खेल का फीडर जिससे जिले के समस्त खिलाड़ियों को ट्रेनिंग की सुविधाएं मिलने से निरंतर पदकों की संख्या में बढ़ोतरी होंगी।

## पूर्व सैनिकों व सैनिक विधवाओं के लिए रोजगार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

जिला सैनिक कल्याण कार्यालय द्वारा बुधवार को पूर्व सैनिकों एव सैनिक विधवाओं व उनके आश्रितों के लिए अम्बेडकर चैराहा शुभ बिदाई गार्डन जिला पंचायत रेस्ट हाउस में जिला स्तरीय पूर्व सैनिक रैली एवं रोजगार मेंला का आयोजन किया गया।



250 पूर्व सैनिकों एवं सैनिक विधवाओं व उनके आश्रितों ने भाग लिया। इस रैली में मुख्य अतिथि कर्नल भानु प्रताप सिंह से.नि थे । सहायक संचालक बी. एस मीना, प्रबंधक जिला व्यापार एव उद्योग कैंद्र आर .के जैन उपस्थित रहे। जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कैप्टन (आई .एन) सत्य प्रकाश श्रीवास्तव (से.नि) ने बताया कि रैली को आयोजित करने का मुख्य उद्देश्य सैनिकों के परिवारों को एक ही छत के नीचे समस्त सुविधाओं को उपलब्ध कराना, उनकी समस्याओं का निराकरण करना एवं नई कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देना है। जिससे उन लोगों के बीच आपसी प्रेम और भाईचारे की भावना बनी रहे। इस कडी में अनेक एजेंसियों ई.सी.एच.एस, अभिलेख कार्यालय ई.एम.ई, अभिलेख कार्यालय सिंगल रिकॉर्ड, अभिलेख कार्यालय आर्टीलरी रिकार्ड, भारतीय स्टेट बैंक, आई.सी आई सी आई बैंक, एच .डी एफ सी बैंक, केनरा बैंक, सदगुरु नेत्र चिकित्सालय , जिला स्वास्थ्य केद्र, निजी क्षेत्र की रोजगार कंपनियों जैसे चेकमेट, एल.एन.टी, एल आई सी, ईसा आदि के स्टाल लगाये गए। कार्यक्रम दौरान द्वितीय विश्व युद्ध के नान पेंशनर, वीर नारी युद्ध में हताहत सैनिकों एवं वरिष्ठ भूतपूर्व सैनिकों का सम्मान किया । ऑ. कप्तान महाबीर सिंह सिसोदिया, कल्याण संयोजक ने बताया कि कुल मिलकर 37 युवकों को प्रस्ताव पत्र दिए गए।

## महिला ने जहरीला पदार्थ खाया, भाई ने जीजा पर लगाए मारपीट के आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

सिटी कोतवाली अशोकनगर के अंतर्गत बोहरे कालोनी निवासी रितु पत्नी दीपक ओझा उम्र 32 साल को जिला अस्पताल मे मृत अवस्था मे लाया गया था। महिला की संदिग्ध परिस्थितियो मे हुई मौत के बाद पुलिस ने मर्ग का मामला दर्ज किया है। मामले की जाच की जा रही है। मामले की कहानी यह है कि महिला रितु ओझा की शादी 2018 मे हुई थी। महिला के पति दीपक ओझा का कहना है कि शादी के कुछ समय बाद से ही उसकी पत्नी का पडौसी से अफेयर चल रहा था। उसी बजह से पत्नी घर पर विवाद करती थी। पति कई बार पडौसी को भी समझा आया था। लेकिन वह नही माना और पत्नी भी नही मानी। पत्नी प्रेमी के कारण उससे विवाद भी मारपीट भी करती थी। महिला के पति का कहना है कि एक दिन पहले पत्नी ने घर बंद कर दिया था और पड़ोसी के घर चली गई थी। जब पत्नी वहा पहुची तो पड़ोसी की पत्नी और रिश्तेदारो ने उससे मारपीट की। पति जैसे तैसे घर का दरवाजा खुलवाकर वहा पहुचा तो उसने भी पत्नी की डंडे से मारपीट की। पति का कहना है कि महिला घर आई तो वहा आकर वह थाने चली गई। थाने से लौटकर घर आई और जहरीला पदार्थ खा लिया। उधर महिला के भाई का कहना है कि उसकी बहन को जीजा शादी के बाद से परेशान करता था। शराब पीकर घर आता था। उसने कर्जा कर लिया था। कर्जा वाले लोग उसके घर आते थे। जिसकी वजह से वह घर से सुबह से ही चला जाता था। उसकी मजबूरी थी। इस घटना मे महिला ने दम तोड दिया है पुलिस मामले मे जुटी हुई है।

## रजत मंडल पर किया श्री भक्तांबर महा विधान

# महोत्सव लातीं है महिला इसलिए अन्नपूर्णा कहलाती

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

दर्शनोदय तीर्थ थूवोनजी में मुनि पुगंव सुधासागर की प्रेरणा से होने वाले असीम कालीन श्री भक्तांबर महा मंडल विधान हेतु जयपुर के कुशल शिल्पियों दारा निर्मित विशाल चांदी मंडल आया जिस पर सुभाष गंज मन्दिर में मुनि साश्वत सागरमहाराज ससंघ के सान्निध्य में श्री भक्तांबर महा मंडल विधान का आयोजन भक्ति भाव पूर्वक किया गया

### विशाल रजत मंडल का हुआ लोकार्पण

इसके पहले जयपुर के कुशल शिल्पीयो दारा निर्मित विशाल चांदी के मंडल का लोकार्पण थूवोनजी कमेटी अध्यक्ष अशोक जैन टींगू मिल महामंत्री विपिन सिंघई मंत्री विनोद मोदी राजेन्द्र हलवाई कोषाध्यक्ष सौरव वाझल मध्यप्रदेश महासभा संयोजक विजय



धुर्रा समाज के अध्यक्ष राकेश कासंल महामंत्री राकेश अमरोद कोषाध्यक्ष सुनील अखाई द्वारा जैन समाज के मंत्री शैलेन्द्र श्रागर के मंत्रोच्चार के साथ किया गया इसके साथ ही वृहद मंत्रोच्चार के साथ मंडल शुद्ध की गई

### थूवोनजी में असीम कालीन विधान

इस दौरान मध्यप्रदेश महासभा संयोजक विजय धुर्रा ने कहा कि सुधासागर महाराज की पावन प्रेरणा से थूवोनजी कमेटी ने असीम कालीन श्री भक्तांबर महा मंडल विधान का आयोजन थूवोनजी में निरंतर हो इसके लिए कमेटी ने संकल्प लिया और आज हम सब अपने नगर में महा आराधना कर रहे हैं जो भी इस मंडल पर असीम कालीन विधान करना चाहते हैं वह अपने नाम मंडल के थूवोनजी पहुंचने के पहले दे।

### श्री फल समर्पित किए

मंडल पर शान्ति कलश की स्थापना नीतू अशोक जैन टींगू मिल अध्यक्ष मंगलकलश वावी विपिन सिंघई महामंत्री मुख्य कलश गोशाला अध्यक्ष दिनेश मैदपुर भक्ति कलश अभय जैन भारत शैलेन्द्र जैन किराना वमनावर सहित अन्य भक्तों ने प्राप्त किया। शैलेन्द्र श्रागर के मधुर भजनों के साथ संगीत मय श्री भक्तांबर महा पूजन करते हुए मंडल पर श्री फल समर्पित किया गये। महिला महोत्सव लातीं है इसलिए तो उसे अन्नपूर्णा कहा गया है

## स्थापना दिवस पर राष्ट्रीय बजरंग दल की बैठक



अशोकनगर। अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद के 6 वर्ष पूर्ण होने पर बुधवार को संगठन से जुड़े पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं ने कार्यक्रम आयोजित कर स्थापना दिवस मनाया। कार्यक्रम राजमाता चैराहे के पास बाल रूपी हनुमान मंदिर पर आयोजित किया गया जिसमें प्रांत महामंत्री अनिल अग्रवाल, विभाग अध्यक्ष मोहन नामदेव, एएचपी जिला अध्यक्ष संतोष रजक, राष्ट्रीय बजरंग दल जिला अध्यक्ष राजेंद्र नगर, नीलम यादव, बिट्टू यादव, लखन सेन, दीपक ओझा, हरिओम ओझा, देव सेन, आर्यन जाटव, राजा राजपूत, सत्येंद्र बैरागी आदि उपस्थित थे। बैठक में संगठन के विस्तार करने पर विचार विमर्श किया गया एवं नए कार्यकर्ताओं को जोडने के लिए अभियान चलाने पर चर्चा हुई। इस दौरान जेल कॉलोनी वार्ड की टीम गठित की गई। इस टीम में सुजीत ओझा को जेल कॉलोनी वार्ड अध्यक्ष, गोलू राजपूत वार्ड उपाध्यक्ष, दीपक ओझा वार्ड सचिव, शिवम रजक वार्ड उपाध्यक्ष, विजय यादव वार्ड सह सचिव बनाया गया।

कलेक्टर ने 15 अगस्त तक मछलियों के मारने, बेचने पर लगा रखा है पूर्ण प्रतिबंध

# जिले में गर्भकाल में मारी जा रहीं मछलियां मत्स्य विभाग के अधिकारी भी मौन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

राजगढ़ मुख्यालय पर बुधवार के साप्ताहिक हाट-बाजार में सुबह से शाम तक बाकायद हमेशा की तरह सुबह से देर शाम तक मछली बाजार आम दिनों की तरह लगा रहा। लेकिन, मत्स्य विभाग का कोई जिम्मेदार कार्यवाही करने नहीं पहुंचा। राजगढ़ कलेक्टर हर्ष दीक्षित ने विगत दिनों आदेश जारी करते हुए 15 जून से 15 अगस्त तक का समय मछलियों के मारने, परिवहन एवं बेचे जाने पर प्रतिबंध लगाया हुआ है। लेकिन, इसके बाद भी न केवल राजगढ़ बल्कि ब्यावरा, नरसिंहगढ़, सारंगपुर, खिलचीपुर समेत जिले के अन्य शहरों, कस्बों एवं ग्रामों में प्रतिदिन बाजार लगाकर खुलेआम मछलियां बेची जा रही हैं।

### इसलिए लगा है प्रतिबंध

दरअसल, जून के मध्य से लेकर अगस्त तक के समय मछलियों का प्रजननकाल रहता है। इस अवधि में मछलियां सैकड़ों अंडे देती हैं और उन सैकड़ों अंडों में से हजारों मछलियां पैदा होती हैं। अगर, गर्भवती एक मछली को मार दिया जाए तो वो सिर्फ एक नहीं बल्कि उसके पेट में अंडों के रूप में पल रही सैकड़ों मछलियां पैदा होने से पहले ही मर जाती हैं। ऐसे में मछलियों का विकास रुक जाता है।



### इधर, मछलियों के संवर्धन के लिए बांटे गए डेढ़ करोड़

एक तरफ जहां प्रजननकाल में बेहिसाब मछलियों को मारा जा रहा है। वहीं दूसरी ओर मत्स्य विभाग मछलियों के संवर्धन हेतु प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के तहत 1 करोड़ 55 लाख रूपये लोगों को बांट चुका है, ताकि वे छोटे-छोटे तालाब आदि बनाकर मछलियों को बढ़ाने में मददगार बने। वहीं दूसरी और प्रतिदिन हजारों गर्भवती मछलियां लोगों का आहार बन रही हैं।

जून से अगस्त तक रहता है प्रजननकाल, अंडे देती हैं मछलियां

### मछलियां मारने, बेचने पर आज से 15 अगस्त तक पूरी तरह प्रतिबंध




हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

जून मध्य से लेकर अगस्त मध्य तक का समय विभिन्न प्रकार की मछलियों के लिए प्रजननकाल का समय रहता है या दूसरे शब्दों में कहें तो मछलियां अंडे देती हैं। यही कारण है कि मछलियों का उत्पादन, वंशवृद्धि को बढ़ाने उक्त अवधि को मतस्याखेट के लिए प्रतिबंधित किया जाता है। कलेक्टर हर्ष दीक्षित ने विभाग के नियमों और अधिनियम के तहत 16 जून से 15 अगस्त तक की अवधि को बंदऋतु (क्लोज सीजन) के रूप में अधिघोषित किया है। इस अवधि में मछलियों को मारने, बेचने इत्यादि पर पूरी तरह से प्रतिबंध लगा दिया गया है। जारी आदेशानुसार अगर कोई व्यक्ति आदेश का उल्लंघन करेगा तो उसे 1 वर्ष का कारावास, 5 हजार रुपए जुर्माना अथवा दोनों सजाएं दी जा सकती हैं। छोटे तालाब या अन्य स्त्रोत जिनका संबंध नदी, नालों से नहीं है, को छोड़कर समस्त नदियों व जलाशयों में बंद ऋतु में मत्स्याखेट पूर्णतः प्रतिबंधित होगा। इस अवधि में किसी प्रकार का मत्स्याखेट, मत्स्य परिवहन, मछलियों का क्रय-विक्रय न तो स्वयं करने और न ही अन्य को सहयोग करने की अपील मतस्य विभाग द्वारा की गई है।

**क्या हो पाएगा आदेश का पालन**

यह आदेश हर साल जारी तो किया जाता है, लेकिन खुद मतस्य विभाग के जिम्मेदार ही इसका पालन नहीं करवा पाते हैं। अब तो जिले में बड़े डेम बन चुके हैं ऐसे में न केवल नदियें, तालाबों बल्कि डैमों से भारी मात्रा में मछलियां मारकर उन्हें भोपाल एवं बड़े शहरों में भेजा जा रहा है। देखते हैं इस बार कलेक्टर के आदेश का अक्षरक्षः पालन मतस्य विभाग के अधिकारी करवा पाते हैं या नहीं।

### अनेकों प्रजाति हो रही हैं विलुप्त

मछलियों को गर्भावस्था में ही मार दिए जाने से राजगढ़ जिले के तालाबों, नदियों एवं अन्य जल-स्त्रोतों में बाम, अंडोश जैसी प्रजाति की मछलियां या तो विलुप्त हो चुकी हैं या विलुप्त होने की कगार पर पहुंच चुकी हैं।

आज में मंत्रीजी की बैठक के संबंध में ब्यावरा आया था। अब ने केवल राजगढ़ बल्कि जहां भी मछली बाजार लगेगा वहां कार्यवाही देखने मिलेगी।

**भारत सिंह मीणा,** सहायक संचालक, मत्स्य विभाग, राजगढ़

# जनपद सीईओ ब्यावरा के खिलाफ लामबंद हुए सरपंच, लगाया भ्रष्टाचार के आरोप!

## सीईओ बोले- जिला पंचायत से जो सूची मिली थी उसी के अनुसार किया है भुगतान, बचे हुए लोग कर रहे हैं प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा




जनपद सीईओ पर कमीशन खोरी का आरोप लगाते हुए ब्यावरा जनपद के सरपंचों ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। सरपंच संघ के अध्यक्ष कमलसिंह पंवार एवं उपाध्यक्ष दिनेश मीना द्वारा सौंपे ज्ञापन में उल्लेख किया कि जनपद पंचायत ब्यावारा में किए गए कार्यों में सीईओ द्वारा राशि जारी करने के बदले में कमीशन मांगा जा रहा है। सार्वजनिक कार्य हो या हितग्राही मूलक सभी में 7-10 प्रतिशत राशि की मांग की जा रही है।

शासन की जनहितैषी योजनाओं में व्याप्त भ्रष्टाचार को लेकर कई सरपंचों ने जनपद सीईओ के कार्यालय में नहीं मिलने से उनके के खिलाफ नारेबाजी करते हुए विरोध प्रदर्शन किया। वहीं बीआरसी भवन में आयोजित प्रशिक्षण का बहिष्कार कर एसडीएम गीतांजलि शर्मा को ज्ञापन दिया गया। ब्यावरा के जनपद पंचायत कार्यालय का घेराव कर नारेबाजी करते हुए विरोध प्रदर्शन किया। ब्यावरा ब्लॉक के सरपंचों ने आरोप लगाया कि विगत 7-8 माह से ब्यावरा जनपद पंचायत कार्यालय में भ्रष्टाचार चरम सीमा पर है। जनपद सीईओ द्वारा जनपद सदस्य निधि की फाइले जिसमे सीसी सड़क, निर्माण एवं पुलिया निर्माण कार्य, कपिल धारा,और स्वच्छता, मास्टर, जीरो टैग जैसी कई हितग्राही मूलक योजनाओं के कार्यों की फाइलें विगत एक सप्ताह से कमीशन खोरी के चलते पेंडिंग पड़ी हुई है।

सरपंचों ने आरोप लगाया है कि दो जीआरएस और सेक्टर इंजीनियर के माध्यम से कमीशन की मांग की जाती है। जनपद पंचायत सीईओ द्वारा हितग्राही मूलक काम एवं बिलो के भुगतान की राशि पेंडिंग पड़ी हुई है। प्रत्येक फाइल पर करीब सात से दस प्रतिशत की राशि की मांग की जा रही है। जीणोद्धार तालाब के लिए राजगढ़ कलेक्टर एवं जिला पंचायत सीईओ के द्वारा एस जारी की गई मगर अप्रूवल और मस्टर कमीशन के चक्कर में उलझाई हुए है। जनपद सीईओ द्वारा हितग्राहियों को मप्र शासन की योजनाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है। विगत एक सप्ताह से तो सीईओ अपने कार्यालय में आ तक नहीं रहे हैं। ब्लॉक की ग्राम पंचायत अतरालिया के झारखेडा सरपंच ने बताया कि कमीशन नहीं देने के कारण ग्राम पंचायत अतरालिया में शमशान निर्माण के पुराने बिल की फाइल आज तक अटकी हुई है। जिसकी तीन बार राशि आ चुकी, लेकिन कमीशन के कारण आज तक उस राशि का भुगतान भी नहीं हुआ है। ऐसे जनपद सीईओ को ब्यावरा से हटाने की मांग सरपंचों द्वारा की गई है।

# मंत्री ने किया लाखों के कार्यों का भूमि पूजन



**सुठालिया।** ग्राम खनोटा में मध्य प्रदेश शासन के राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार नारायणसिंह पंवार द्वारा लाखों रुपए की लागत से बनने वाले सामुदायिक भवन खेड़ापति मंदिर की बाउंड्री वॉल सीसी तालाब जीर्णोधार का विधिवत पूजा अर्चना कर भूमि पूजन किया। इस मौके पर नारायण सिंह सालरियाखेडी मंडल अध्यक्ष पदम सिंह लोधी भाजपा नेता अशोक अग्रवाल पूर्व मंडल अध्यक्ष महेश पालीवाल ओम पालीवाल माधवी परमार रघुवीर मनीष पूर्व सरपंच बाबूलाल सोंधिया नारायण सिंह सोंधिया एवं ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

रेलवे विभाग व एनएच विभाग टीम सहित जिला कलेक्टर पहुंचे मौके पर

# खिलचीपुर-कुंडीबे मार्ग पर बाइपास रोड पर दर्जनों ग्रामवासी 5वें दिन भी रहे धरने पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खिलचीपुर

खिलचीपुर से 3 किलोमीटर दूरी पर स्थित कुंडीबे गांव के पास रेलवे विभाग द्वारा रेलवे लाइन का कार्य तीव्र गति से जारी है, वहीं एनएच का भी निर्माण कार्य विभाग द्वारा तीव्र गति से चल रहा है। गांव कुंडीबे रेलवे विभाग ओर नेशनल हाईवे दोनों के लिए बीचों-बीच सेंटर पर है , जिस पर बरसों से पक्का रोड शासन द्वारा दिया गया है। रास्ते की मांग को लेकर ग्रामीण जन आज बुधवार धरने पर डटे रहे, जिला कलेक्टर हर्ष दीक्षित रेलवे विभाग व एनएच विभाग की टीम को लेकर मौके पर पहुंचे। वहीं ग्रामीण जनों की रास्ते की समस्या को हल करने के लिए मौका मुआयना कर ग्रामीणों का रास्ता चालू रखने के लिए रेलवे ओर एन एच विभाग के अधिकारियों के साथ गुरुवार को मीटिंग रखी ताकि ग्रामीणों की समस्या का निष्कर्ष निकल सके। इस दौरान हर्ष दीक्षित जिला कलेक्टर, सुशील कुमार एसडीम खिलचीपुर, सोनू गुप्ता तहसीलदार खिलचीपुर, रेलवे विभाग के एम डी एच सी मीणा सहित एनएच विभाग व राजस्व विभाग के कर्मचारी गण ओर ग्रामीण जन उपस्थित रहे।



### मीटिंग रखी है...

रेलवे और एनएच विभाग के साथ कल मीटिंग रखी है। जल्द ही ग्रामीण जनों की समस्या हल की जाएगी।

**हर्ष दीक्षित**, जिला कलेक्टर राजगढ़

# ब्यावरा पब्लिक स्कूल के छात्र ने राष्ट्रीय स्तर पर जिले का नाम रौशन किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा



नगर के ब्यावरा पब्लिक स्कूल के दसवीं कक्षा के विद्यार्थी हरिओम प्रजापति पुत्र हेमराज प्रजापति ने राष्ट्रीय स्तर पर स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया साई द्वारा आयोजित जूडो प्रतियोगिता को जीतकर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया। इसके पूर्व भी जूडो प्रतियोगिता में छात्र राज्य स्तर पर कांस्य व संभागीय स्तर पर स्वर्ण पदक प्राप्त कर चुका है। इस मौके पर जिले के कलेक्टर एवं एसपी महोदय तथा जिला खेल अधिकारी ने छात्र का प्रशस्ति पत्र व भेंट प्रदान कर सम्मान किया। छात्र ने सफलता का श्रेय अपने माता-पिता व शिक्षक गणों को दिया। छात्र की इस सफलता पर विद्यालय प्राचार्य मोहित राठौर खेल शिक्षक ऋषि शर्मा एवं समस्त विद्यालय परिवार ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी, साथ ही विद्यालय प्रबंधन समिति सदस्य आर एस राजपूत कृष्णा भदौरिया, मंजू गुप्ता एवं सुमित्रा भट्ट द्वारा भी छात्र को बधाई प्रेषित कर सम्मानित किया गया।

# सरस्वती शिशु मंदिर में प्रारंभ हुआ तीन दिवसीय आचार्य अभ्यास वर्ग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सुठालिया

सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में आचार्य दीदियों के प्रशिक्षण के लिए तीन दिवसीय आचार्य अभ्यास वर्ग बुधवार से प्रारंभ हुआ। 26 से 28 तक चलने वाले तीन दिवसीय सत्र मे पढाई संबंधित जानकारी दी जायेंगी। अभ्यास वर्ग के उद्घाटन सत्र में मुख्य वक्ता विपिन मिश्रा रहे।

अध्यक्षता शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल प्राचार्य अशोक गुप्ता ने की विशेष अतिथि विद्यालय प्राचार्य शिवराज सिंह चैहान उपस्थित रहे। यह अभ्यास वर्ग आचार्य दीदी की गुणवत्ता विकास के लिए है। मुख्य वक्ता ओ ने नई शिक्षा नीति 20-20 के शिक्षण पर प्रकाश डालते अशोक गुप्ता ने बताया कि शिक्षक हमेशा संपूर्ण नहीं होता वह पूरे जीवन भर सीखता रहता है। द्वितीय सत्र आईसीटी के ऊपर रहा उसमे आचार्य उपेंद्र सक्सेना एवं नर्मदा प्रसाद ने बताया कि आईसीटी के प्रयोग से मोबाइल के माध्यम से बच्चों की फीस की जानकारी,रिकॉर्ड बुक में संचित कर सकते हैं, एवं परीक्षा पेपर निर्माण के बारे में बताया। कार्यक्रम का संचालन भगत सिंह राठौड़ ने किया, एवं आभार सदी दीदी ने माना।



# मैहर मालवीय समाज ने कबीर जयंती मनाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जीरापुर

प्रतिवर्षानुसार की भांति इस वर्ष भी मैहर मालवीय समाज द्वारा संतश्री शिरोमणी कबीर महाराज का प्राकट्य उत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर प्रतिभा सम्मान समारोह कबीर मंदिर समिति ने रखा। जिसमें सांसद, विधायक हजारीलाल दांगी, लक्ष्मीनारायण चौहान झिरी, महंत गुरुजी राधेश्याम, समिति प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. विष्णुप्रसाद मालवीय, मानसिंह मालवीय, अध्यक्ष कैलाश मालवीय, गोकुल प्रसाद, केसर मालवीय, भागीरथ, दुर्गा प्रसाद, माचलपुर भेरुलाल मालवीय, विजयसिंह मालवीय, रामकिशन मालवीय,भेरुलाल मालवीय पीरु लाल मालवीय प्रभु लाल मालवी आदि समाज जन उपस्थित रहे।

**ब्यावरा।** तीसरे दिन भी चली प्रशासन की अस्थाई अतिक्रमण हटाने की मुहीम।




# महाविद्यालय में परीक्षा देने आई छात्रा गायब, पिता ने गुमशुदगी दर्ज कराई

**जीरापुर।** समीपवर्ती ग्राम टपरियाहेड़ी से कॉलेज गई छात्रा गायब हो गई। गांव से महाविद्यालय में परीक्षा देने आई एक 19 वर्षीय युवती लापता हुई। युवती के पिता ने गुमशुदगी दर्ज कराई। प्राप्त जानकारी अनुसार युवती के पिता भागीरथ किरार निवासी टपरियाहेडी के द्वारा दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि युवती जीरापुर कॉलेज में पेपर के लिए आई लेकिन कॉलेज के गेट के सामने से ही लापता हो गई। उसके बाद से अभी तक कोई पता नहीं चला। पुलिस ने लड़की के पिता की तहरीर पर गुम इंसान की कायम किया है। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में तलाश शुरू की।

# हरिओम ने जीता सिल्वर तो शिवानी के हाथ लगा कांस्य पदक, हुए सम्मानित



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

कलेक्टर हर्ष दीक्षित एवं पुलिस अधीक्षक आदित्य मिश्रा के मार्गदर्शन में जिले में संचालित खेलो इंडिया जूडो स्मॉल सेंटर के तहत प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे खिलाड़ियों का चयन ऑल इंडिया इंटर साई जूडो चेम्पियनशिप के लिए हुआ। उक्त आयोजन 20 से 24 जून तक भोपाल में हुआ था जिसमें जिले के 4 बालक एवं 4 बालिका खिलाड़ियों ने भाग लिया। खेल में 81 किग्रा में हरिओम प्रजापति ने सिल्वर एवं 40 किग्रा में शिवानी भिलाला ने कास्य पदक प्राप्त किया। प्रतियोगिता में ज्यातिराज प्रजापति ने चौथा स्थान प्राप्त किया। विजेता खिलाडियों को कलेक्टर हर्ष दीक्षित, पुलिस अधीक्षक आदित्य मिश्रा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आलोक कुमार शर्मा एवं संभागीय खेल अधिकारी शार्मिला डावर द्वारा किट प्रदाय कर सम्मानित किया एवं खिलाड़ियों को शुभकामानाएं दी। उल्लेखनीय है कि ब्यावरा के जूडो प्रशिक्षक राजकुमार प्रजापति द्वारा बच्चों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

38 करोड़ से होगा हाइवे का नया निर्माण, डिवाइडर के साथ बनेगा फोरलेन रोड

# राज्य मंत्री टेटवाल के प्रयास से पुराने हाइवे निर्माण को मिली स्वीकृति, जाम से मिलेगी लोगों को राहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

नगर से निकले पुराने हाइवे पर रोजाना जाम जैसे हालात रहते हैं। उक्त मार्ग पर अतिक्रमण और जर्जर रोड के कारण वाहन चालकों को काफी समस्याओं का सामना करना पड़ता है। ऐसे में अब लोगों के लिए राहत की खबर आई है। दरअसल, पुराने हाइवे मार्ग निर्माण के लिए प्रशासकीय स्वीकृति मिल चुकी है। जिसके तहत करीब 38 करोड़ की लागत से मार्ग चौड़ीकरण के साथ ही डिवाइडर और फोरलेन मार्ग का निर्माण किया जाएगा। जिसमें बिलोदा बायपास जोड़ से गोपालपुरा जोड़ तक करीब सात किमी मार्ग निर्माण होगा। साथ ही कालीसिंध नदी पर नए पुल निर्माण को भी स्वीकृति मिल गई है। जिसकी टेंडर प्रक्रिया जारी है।

राज्यमंत्री गौतम टेटवाल ने बताया कि उक्त रोड बीच में डिवाइडर युक्त बनेगा और इनके बीच में पौधे लगाए जाएंगे। रोजाना के जाम से मिलेगी निजातः पुराना हाइवे संकरा है और अतिक्रमण के कारण वाहन चालकों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। साथ ही ट्रैफिक दबाव भी अधिक होने से वाहन गुत्थमगुत्था होते रहते हैं। जिसके कारण रोजाना जाम से हालात रहते हैं। ऐसे में मार्ग चौड़ा होने और फोरलेन निर्माण से वाहन चालकों को आवागमन में काफी राहत मिलेगी।



### नलखेड़ा से भैंसवा माता की दूरी होगी कम

माता और मां बगलामुखी नलखेड़ा माताजी के दर्शन करने वाले श्रद्धालुओं को लंबी दूरी तय करना पड़ती है। संडावता-छापीहेड़ा होकर चक्कर से जाना पड़ता है। अब भैंसवामाता से सीधी नलखेड़ा तक सड़क बन जाने से दूरी कम होने से श्रद्धालुओं को दोनों धार्मिक स्थानों तक आने-जाने में सहूलियत होगी।

### इनका कहना है...

पुराने हाईवे की दशा सुधारने को लेकर प्रयासरत थे। अब मार्ग निर्माण को स्वीकृति मिल चुकी है। जल्द ही काम शुरू किया जाएगा। बीच में डिवाइडर बनाकर उनमें पौधे लगाएंगे, ताकि नगर की सुंदरता बढ़ सके।

**गौतम टेटवाल**, राज्य मंत्री

# एनसीसी राष्ट्रीय स्तर की ट्रैकिंग कर लौटे छात्र सैनिक

**विभिन्न राज्यों की संस्कृति को जाना, समझा**




हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

शहर निवासी छात्र सैनिक नवनीत शर्मा 17 जून से 24 जून तक अमरकंटक में आयोजित राष्ट्रीय स्तर की ट्रैकिंग पूर्ण कर लौटे। कैंप के लिए कैडेट का चयन कमांड अधिकारी लेफ्टिनेंट कर्नल गौरव थापा के निर्देशन में कैडेट्स की पूर्व की गतिविधियों को देखते हुए किया गया था।कैंप में सभी राज्यों के कैडेट्स ने हिस्सा लिया। कैंप के दौरान छात्र सैनिकों ने नर्मदा उद्गम, कपिलधारा, दूध धारा, दुर्गाधारा, शंभू धरा, प्राचीन जैन मंदिर देखने के साथ ही 50 किलोमीटर पैदल ट्रैकिंग भी की। कैडेट्स ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से राज्यों की संस्कृति को जाना और समझा। कैंप समापन पर अधिकारियों ने प्रमाण-पत्र प्रदान करते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की।